## ब्रीफ न्यूज

### करारी गांव में अज्ञात कारणों से युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**बैकुण्ठपुर, स्वतंत्रमत।** रीवा जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम करारी गांव में रजनीश पांडेय पिता संतोष पाण्डेय ने अज्ञात कारणो से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है जिसकी खबर लगते ही पूरे गांव में शोक की लहर छा गयी। जिसकी सूचना पर बैकुण्ठपुर पुलिस ने घटना स्थल पर पहुचकर शव का पंचनामा कर पीएम हेतु अस्पताल भेजा गया। इसके बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है युवक ने आत्महत्या क्यो की है। फिलहाल युवक ने ये आत्मघाती कदम क्यो उठाया ये तो पुलिस जांच के बाद ही कहा जा सकता है।

### कमिश्नर आज करेंगे कृषि तथा उनसे जुड़े विभागों की समीक्षा

**रीवा।** कमिश्नर कार्यालय में 11 जून को सुबह 11 बजे से आयोजित बैठक में रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद कृषि तथा उससे जुड़े विभागों के कार्यों की समीक्षा करेंगे। बैठक में 18 जून को प्रस्तावित कृषि उत्पादन आयुक्त की समीक्षा बैठक के एजेण्डा बिन्दुओं की विभागवार समीक्षा की जाएगी। संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी ने कृषि, उद्यानिकी पशुपालन तथा अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों से अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है। बैठक में संभाग के अन्य जिलों के कलेक्टर तथा संबंधित अधिकारी वर्चुअल माध्यम से शामिल होंगे।

### रक्तदान शिविर आयोजन संबंधी बैठक आज

**रीवा।** आगामी 14 जून को जिला चिकित्सालय में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर आयोजन संबंधी बैठक कलेक्टर कार्यालय स्थित मोहन सभागार में 11 जून को शाम 4 बजे से आहूत की गई है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने संबंधितों से उपस्थिति की अपेक्षा की है।

### कलेक्टर आज करेंगी ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में 11 जून को ग्रामीण विकास विभाग अन्तर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की जायेगी। कलेक्ट्रेट सभागार में सुबह 11 बजे से आयोजित बैठक में जनपद पंचायतों के सीईओ, आरईएस के कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री, उपयंत्री तथा जिला पंचायत के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर ने संबंधितों को अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थिति के निर्देश दिये हैं। बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान प्रधानमंत्री आवास, नल जल योजना तथा सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा की जायेगी।

# 129 आवेदकों की समस्याओं का शीघ्र ही होगा निराकरण

## दिव्यांग कुंजबिहारी को तत्काल वैशाखी उपलब्ध कराने के कलेक्टर ने दिये निर्देश

रीवा, स्वतंत्रमत



कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने 129 आवेदकों की समस्यायें सुनी तथा संबंधित आवेदनों को विभागीय अधिकारियों को प्रेषित कर संतुष्टिपूर्वक कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने जनसुनवाई के दौरान डिहिया निवासी दिव्यांग कुंजबिहारी वर्मा को तत्काल वैशाखी उपलब्ध कराने के निर्देश सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारी को दिये।

कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित जनसुनवाई में घूमन निवासी अवधराज पाण्डेय, चोरगड़ी निवासी रामप्रसाद पटेल, भाटी निवासी गोपालशरण पाण्डेय तथा तिघरा निवासी बालमीक शुक्ला के सीमांकन कराने के आवेदनों को संबंधित तहसीलदार को प्रेषित कर कार्यवाही करने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिये गये। इसी प्रकार मदरी के संतोष पटेल ने सीमांकन कराकर नक्शा तरमीम किये जाने का आवेदन दिया जिसे तहसीलदार गंगेव को तथा देवगांव निवासी ममता तिवारी के नामांतरण के आवेदन को तहसीलदार मनगवां को कार्यवाही करने हेतु प्रेषित किया गया।

जनसुनवाई में प्रदीप कुमार शाहपुर ने खसरा सुधार का आदेश कम्प्यूटर में फीड कराने का आवेदन दिये जिस पर एसडीएम सिरमौर को कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। रामलाल श्रीवास्तव मझिगवां ने पुलिस की उपस्थिति में सीमांकन कराने का आवेदन प्रस्तुत किये कलेक्टर ने तहसीलदार हुजूर को कार्यवाही के निर्देश दिये। इसी प्रकार पिपरी जोकहा के निवासियों के प्रचलित रास्ता से अतिक्रमण हटाकर पुन: प्रारंभ करने तथा मिट्टीकरण कराने आवेदन को तहसीलदार सिरमौर को, बालेन्द्र शेखर गौतम जुड़वानी निवासी के अतिक्रमण हटाने के आवेदन को तहसीलदार सेमरिया को तथा स्थगन के उपरांत सीमांकन की जांच के संबंध में चुनरी निवासी प्रतिभा सिंह के आवेदन को एसडीएम त्योंथर को कार्यवाही किये जाने हेतु प्रेषित किया गया। अंबिका प्रसाद तिवारी अतरैला ने मुआवजा राशि का बैंक द्वारा प्रेषण न करने का आवेदन दिया। कलेक्टर ने एलडीएम को कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में तमरा निवासी अल्कारानी सिंह के लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत प्रमाण पत्र दिलाये जाने के आवेदन पर कलेक्टर ने जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को कार्यवाही करने के निर्देश दिये। कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर तथा संयुक्त कलेक्टर पी.के. पाण्डेय ने भी लोगों की समस्यायें सुनीं।

## कृषि वैज्ञानिक विकसित कृषि संकल्प अभियान में दे रहे उन्नत खेती की जानकारी



**रीवा।** जिले के सभी विकासखण्डों में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत लगातार शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों में कृषि विभाग के अधिकारी और कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक किसानों को उन्नत खेती का मंत्र दे रहे हैं। शिविरों में किसानों को कृषि, पशुपालन तथा मछली पालन विभाग की योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ जल प्रबंधन और जल संरक्षण के लिए भी जागरूक किया जा रहा है। इस संबंध में उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने बताया कि 10 जून को रीवा विकासखण्ड के ग्राम सुमेधा और बिहरा में शिविर लगाए गए। इनमें कृषि वैज्ञानिक डॉ चन्द्रजीत सिंह ने किसानों को फसलों की कतार से कतार में बोनी, खरपतवार नियंत्रण तथा फसल में खाद के संतुलित उपयोग की जानकारी दी। किसानों को उनके खेतों की माटी का परीक्षण कराकर मृदा हेल्थ कार्ड बनाने की समझाइश दी गई। शिविर में किसानों को मिल रही उपयोगी जानकारी की प्रशंसा करते हुए सरपंच बिहरा तथा प्रगतिशील किसान अजय सिंह ने कहा कि किसानों को वैज्ञानिक तरीके से खेती करने की सलाह दी गई। किसानों को कई आधुनिक कृषि उपकरणों के उपयोग की जानकारी दी। कृषि विभाग किसानों के बीच जाकर सदैव मार्गदशन करे।

# किसान फसलों में उर्वरकों का संतुलित उपयोग करें : उप संचालक कृषि

रीवा, स्वतंत्रमत

जिले के कृषकों को सलाह दी गई है कि वह डीएपी के स्थान पर एनपीके उर्वरकों का प्रयोग करें। कृषि वैज्ञानिकों ने अपनी सलाह में कहा है कि डीएपी में केवल दो तत्व नाइट्रोजन व फास्फोरस प्राप्त होते हैं। जबकि एनपीके उर्वरक से फसलों के लिए आवश्यक सभी तीन मुख्य पोषक तत्वों नत्रजन, स्फुर एवं पोटाश की उपलब्धता होती हैं। इस प्रकार एनपीके उर्वरक से नत्रजन एवं स्फुर के अलावा पौधों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण तत्व पोटाश की पूर्ति किसान भाई सफलतापूर्वक कर सकते हैं। अत: एनपीके उर्वरक का प्रयोग करने पर किसान भाईयों को अलग से पोटाश डालने की जरूरत नहीं पड़ती है व लागत में कमी आती है। उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने किसान भाईयों के लिए डीएपी के स्थान पर एनपीके खाद का उपयोग करने की सलाह दी है। उप संचालक ने कहा है कि फसलों में उर्वरकों का संतुलित उपयोग लाभदायक होता है। डीएपी के स्थान पर सिंगल सुपर फास्फेट और एनपीके का उपयोग अधिक लाभदायी है। इससे जमीन को सल्फर की प्राप्ति होती है। सिंगल सुपर फास्फेट का उपयोग खेत की तैयारी के समय किया जाता है। जिससे यह फसलों में अधिक कारगर रहता है। डीएपी में उपलब्ध 18 प्रतिशत नाइट्रोजन में से केवल 15 प्रतिशत नाइट्रोजन तथा 46 प्रतिशत फास्फोरस में से 39 प्रतिशत फास्फोरस पानी में घुलकर मिट्टी को प्राप्त होता है। शेष फास्फोरस मिट्टी में जमा हो जाता है जिससे मिट्टी कठोर हो जाती है। इसकी जल धारण क्षमता घटती है। उप संचालक ने बताया है कि आगामी फसल में शंकर धान एवं शंकर मक्का के लिए नाइट्रोजन, फास्फोरस एवं पोटाश एनपीके खाद का उपयोग अधिक लाभकारी होगा। दलहन एवं तिलहन फसलों में 80:40:30 एनपीके तथा सल्फर का उपयोग लाभदायी होगा। उप संचालक ने बताया है कि किसान नैनो तकनीक पर आधारित खाद का भी उपयोग कर सकते हैं। फसलों के लिए 20 प्रतिशत नाइट्रोजन से युक्त नैनो यूरिया तथा 8 प्रतिशत नाइट्रोजन एवं 16 प्रतिशत फास्फोरस से युक्त नैनो डीएपी उपलब्ध है।

## अतिक्रमण चिन्हित कर हटाने के दिए गए निर्देश

**रीवा।** नगर निगम एवं राजस्व दल द्वारा अमहिया रोड़ पर किये गये अतिक्रमण एवं अवैध निर्माण का पूर्व में चिन्हांकन किया गया था जिसको निगमायुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे द्वारा दिनांक 10 जून 2025 को भ्रमण करते हुये स्थलीय निरीक्षण कर अवलोकन किया गया। उन्होंने अधीनस्थों को उन स्थानों पर जहॉ शासकीय भूमि पर अतिक्रमण है उन्हें शीघ्र हटाने की कार्यवाही के निर्देश दिए एवं शेष भूमि के अभिलेख मगायें जाने के उपरांत जॉच कर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कोठी कम्पाउण्ड की ओर से अमहिया जाने वाले मार्ग में अतिक्रमण चिन्हित कर हटाये जाने के निर्देश दिए। साथ ही गॉधी काम्प्लेक्स प्रकाश चौराहा के पास जो दुकानदार है उनको अभिलेख के साथ चर्चा कराये जाने हेतु निर्देश दिए। साथ ही गॉधी काम्प्लेक्स में चल रहे निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सहायक यंत्री एसके गर्ग, अम्बरीश सिंह, अतिक्रमण प्रभारी सुखेन्द्र चतुर्वेदी मौजूद रहे।

# स्लाटर हाउस में कट रहे जानवरों का नहीं किया जा रहा स्वास्थ्य परीक्षण

## लोगों की जान से कर रहे खिलवाड़, दुकानदारों को चिकित्सक का नाम, नंबर नहीं पता

**रीवा, स्वतंत्रमत।** शहर में संचालित स्लाटर हाउस में काटे जाने वाले जानवरों का स्वास्थ्य परीक्षण अनिवार्य किया गया है, लेकिन कहीं पर भी जानवरों को काटने से पूर्व उनका स्वास्थ्य परीक्षण नहीं किया जा रहा, यानी खुलेआम लोगों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। स्लाटर हाउस में काटे जाने वाले जानवरों का स्वास्थ्य परीक्षण महत्वपूर्ण प्रक्रिया है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि केवल स्वस्थ जानवरों का मांस मानव उपभोग के लिए इस्तेमाल किया जाए, इस प्रक्रिया को एंटीमार्टम कहा जाता है। जिसमें सामान्य स्वास्थ्य व व्यवहार बीमारी या संक्रमण व असामान्य लक्षण देखा जाता है। किन्तु शहर में इन नियमों का पालन नहीं हो रहा।

**दिनभर कट रहे जानवर, चिकित्सक सिर्फ सुबह आते हैं :** स्लाटर हाउस में मांस बेचने वाले व्यापारियों से जब जानवरों को काटे जाने वाले जानवरों के स्वास्थ्य परीक्षण के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि सुबह चिकित्सक आते हैं, जांच करके चले जाते हैं, जबकि जानकार बताते हैं कि यहां प्रत्येक घंटे-दो घंटे में जानवरों की कटाई की जाती है, जबकि चिकित्सक सुबह भर आते हैं, स्लाटर हाउस में 30 दुकानों में से 16 दुकानदार अपनी दुकानें संचालित कर रहे हैं, जिनमें काटे जाने वाले जानवरों की जांच कर उनकी रिपोर्ट भी सुबह के समय में ही दे दिए जाने की बात भी समझ से परे है। दुकानदारों से जब चिकित्सक का नाम व मोबाईल नंबर पूछा गया तो किसी दुकानदार को न तो चिकित्सक का नाम पता था न ही मोबाइल नंबर, जिससे जाहिर होता है कि दुकानदार साफ झूठ बोल रहे हैं।

**गली, मोहल्लों में बेखौफ बेच रहे मांस :** शासन के नियमानुसार स्लाटर हाउस शहर से दूर औद्योगिक क्षेत्र में रिहायशी क्षेत्र से दूरी पर होना चाहिए, जहां आबादी कम हो और बदबू व प्रदूषण का खतरा कम हो। वधशाला में जानवरों के उचित परिवहन, वध के लिए आधुनिक उपकरण और मांस के प्रसंस्करण के लिए स्वच्छ व सुरक्षित सुविधाएं होना अनिवार्य हैं। लेकिन शहर में संचालित स्लाटर हाउस शहर के मध्य बना दिया गया है। इतना ही नहीं यहां स्लाटर हाउस बनाया गया था उस समय शहर के विभिन्न मोहल्लों में संचालित की जा रही मटन, चिकन शॉप को स्लाटर हाउस में दुकानें लगाने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन घोघर क्षेत्र सहित शहर के विभिन्न मोहल्ले, गलियों में में लोग घरों में ही मांस विक्रय कर शासन के नियमों का खुलेआम मखौल उड़ा रहे हैं। अन्य दुकानदारों के यहां न आने के कारण जो दुकानदार यहां मांस का व्यापार कर रहे हैं उनका कहना है कि शहर में जो दुकानें लग रही हैं उन्हें भी यहां लगवाया जाए, नहीं तो हम भी अपने घरों में मांस की बिक्री शुरू कर देंगे।

# सड़क पर सामान न सजाने दुकानदारों को दी गई समझाइश



**रीवा, स्वतंत्रमत।** प्रकाश चौराहा स्थित प्रकाश कॉम्प्लेक्स एवं लक्ष्मी मार्केट के व्यापारियों द्वारा दुकानों के सामने सामग्री रखने, वाहन खड़ा करने एवं कॉम्प्लेक्स की गैलरी में अव्यवस्थित ढंग से सामान रखने की शिकायतों को निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने गंभीरता से लिया है। इस संबंध में आज संबंधित व्यापारियों को नगर निगम कार्यालय में बुलाकर चर्चा की गई और स्पष्ट रूप से समझाइश दी गई। निगमायुक्त ने व्यापारियों को निर्देशित किया कि वे अपनी दुकानों के बाहर किसी भी प्रकार का सामान न रखें और कॉम्प्लेक्स की गैलरी को खाली रखें, जिससे आमजन को आवागमन में कोई असुविधा न हो। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जो व्यापारी निर्देशों का पालन नहीं करेंगे, उन्हें नोटिस जारी कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में निगमायुक्त द्वारा शहर के विभिन्न कॉम्प्लेक्सों के व्यापारियों से प्रस्तावित नवीन व्यावसायिक योजनाओं पर भी चर्चा की गई। उन्होंने व्यापारियों से सुझाव देने और योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में सहयोग की अपेक्षा जताई। इस अवसर पर उपायुक्त श्री एम एस सिद्दीकी एवं व्यापारी प्रतिनिधियों में नरेश काली, नारू भाई, बसंत वस्त्रालय, अमीन टेलर्स सहित अन्य व्यापारीगण उपस्थित रहे।

# शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

## वीडियो बनाकर करता रहा ब्लैकमेल, पीड़िता की शिकायत पर आरोपी गिरफ्तार




**रीवा, स्वतंत्रमत।** रीवा में शादी का झांसा देकर एक युवती के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने पीड़िता का अश्लील वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल भी किया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले में एएसपी विवेक लाल ने बताया कि पीड़िता ने मनगवां थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में बताया कि युवक पहले शादी का झांसा देकर युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। इस दौरान उसने पीड़िता का अश्लील वीडियो बना लिया और वायरल करने की धमकी देकर लगातार दुष्कर्म करता रहा। जब पीड़िता ने शादी की बात की तो वो टालमटोल करने लगा। पीड़िता ने परेशान होकर परिजनों को सारी बात बताई। इसके बाद परिजनों के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए तिवनी निवासी अभिषेक उपाध्याय (25) को गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय में पेशी के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया।

# कमिश्नर ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से की आपदा प्रबंधन की समीक्षा

## आपदा प्रबंधन से जुड़ी महत्वपूर्ण सूचनाएं तत्काल दें : कमिश्नर



**रीवा, स्वतंत्रमत।** कमिश्नर कार्यालय में वीडियो कान्फ्रेंसिंग से रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने बाणसागर परियोजना से जुड़े जिलों में बाढ़ की स्थिति में राहत एवं बचाव तैयारियों की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि सभी जिलों के अधिकारी बाढ़ संभावित क्षेत्रों का दौरा करके 25 जून तक राहत एवं बचाव कार्य से जुड़ी तैयारियां पूरी कर लें। बाढ़ की स्थिति में राहत शिविर लगाने के लिये स्थान के चयन से लेकर बचाव दल, राहत के उपकरण, दवाओं, खाद्य सामग्री की आपूर्ति तथा बिजली एवं पानी की व्यवस्था से जुड़ी कार्यवाहियां सुनिश्चित करें। बाढ़ पर नियंत्रण के लिये समय पर सूचनाओं का आदान-प्रदान आवश्यक है। जिला तथा तहसील स्तर पर बाढ़ नियंत्रण केन्द्र स्थापित करके इनमें प्रशिक्षित कर्मचारी तैनात कर दें। सूचनाओं का एक दूसरे को लगातार आदान-प्रदान करते रहें। बांधों से पानी छोड़े जाने अथवा लगातार वर्षा की स्थिति में सभी जिले सतत संपर्क में रहें। बाढ़ से जुड़ी महत्वपूर्ण सूचनाएं तत्काल दें। कमिश्नर ने कहा कि बाणसागर बांध की अप स्ट्रीम तथा डाउन स्ट्रीम में बाढ़ संभावित क्षेत्र चिन्हांकित हैं। सभी एसडीएम अपने क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर लें। बाढ़ से बचाव के लिये व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारियों को जोड़ें। इस ग्रुप में गांव के कुछ व्यक्तियों तथा पटवारी, ग्राम पंचायत सचिव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता जैसे मैदानी कर्मचारियों को भी शामिल करें। समय पर सही सूचना मिलने से राहत और बचाव कार्य में आसानी होगी। बाणसागर बांध की डाउन स्ट्रीम में सीधी तथा सिंगरौली जिले के 129 गांव बाढ़ संभावित हैं। आपदा प्रबंधन के लिये संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश पत्र जारी कर दिये गये हैं। इनके अनुरूप कार्यवाही करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए पर्याप्त दवाएं भण्डारित करा दें। बैठक में आईजी रीवा रेंज गौरव राजपूत ने कहा कि बाढ़ से बचाव के लिए समय रहते तैयारियां कर ली गईं तो कोई परेशानी नहीं होगी।

**स्वतंत्र मत रीवा**

**निष्पक्ष खबरों एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**

**स्वतंत्र मत रीवा**

**सम्पर्क:- शिल्पी प्लाजा बी-ब्लाक सेकेण्ड फ्लोर रीवा**

**मोबाइल नं.-9424880111, 07662-325960**

# कोलगढ़ी त्योंथर में आदिवासी युवा मंच का कोल महासम्मेलन हुआ सम्पन्न

## कोल समाज की आवाज़ सरकार तक पहुँचने को तैयार



**त्योंथर, स्वतंत्रमत।** रीवा जिले के त्योंथर तहसील मुख्यालय में आदिवासी युवा मंच द्वारा आयोजित कोल महासम्मेलन का आयोजन कोल गढ़ी त्योंथर में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ।

इस ऐतिहासिक आयोजन में हजारों की संख्या में कोल समाज के सैकड़ो लोग उपस्थित हुए और समाज के लिए आवश्यक मुद्दों पर अपनी आवाज़ उठाई।

**सम्मेलन में उठे मुख्य मुद्दे :** इस महासम्मेलन का मुख्य उद्देश्य कोल समाज की जमीन अधिकार, शिक्षा, रोज़गार, सामाजिक न्याय और सरकारी योजनाओं के वास्तविक लाभ पर ध्यान केंद्रित करना था। यह महासम्मेलन कोल समाज की एकता, जागरूकता और अधिकारों की मांग के लिए आयोजित किया गया था। जिसमे कोल समाज के उत्थान के लिए एकजुट होने और अपने हक़ के लिए संघर्ष करने का संदेश दिया गया।

सम्मेलन में समाज के विभिन्न वर्गों के लोग, युवा, महिलाएँ, बुजुर्ग और शिक्षित वर्ग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। युवाओं ने अपनी पूरी ताकत के साथ सम्मेलन में भाग लिया और अपने अधिकारों की मांग की। वहीं बुजुर्गों ने अपनी उम्मीदों और आशीर्वाद से इस महासम्मेलन को और भी ताकतवर बना दिया। आदिवासी युवा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष एड. शिवांशु कोल ने कहा कि यह महासम्मेलन कोल समाज के लिए एक ऐतिहासिक कदम है। आज हम एकजुट होकर अपनी आवाज़ को बुलंद कर रहे हैं और हम अपने अधिकारों के लिए लड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। यह सिर्फ शुरुआत है, आने वाले समय में हम और भी बड़े कदम उठाने की योजना बनाएंगे।

सम्मेलन ने यह स्पष्ट कर दिया कि कोल समाज अब सिर्फ सवाल नहीं करेगा अब वो जवाब भी माँगेगा। यह महासम्मेलन एक सशक्त आवाज के रूप में उभरा है और कोल समाज की प्रगति की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।

कार्यक्रम में मुख्यरूप से डॉ. वंशराज कोल संरक्षक आदिवासी युवा मंच, भैयालाल कोल रिटा. डिप्टी कलेक्टर, अमरनाथ कोल पूर्व प्राचार्य, प्रभात कोल पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत त्योंथर, महेंद्र कोल, अनिल कुमार कोल, फूल कुमार कोल, भाई लाल कोल, श्याम प्रकाश कोल हर्ष लाल कोल, अवधबिहारी कोल आशीष कुमार कोल, श्रीमती मालवा कोल , अर्चना रावत, दिनेश कोल, जय प्रकाश कोल विनोद कोल, अरबिद कोल, रविन्द्र कोल, अजय गोटियां, राज गोटिया , सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# सरकारी अस्पताल में नाबालिग से गैंगरेप की चर्चा

## सीसीटीवी फुटेज में स्ट्रेचर पर ले जाते दिखे आरोपी

रीवा (स्वतंत्र मत)



रीवा के संजय गांधी अस्पताल में रविवार-सोमवार की दरमियानी रात नाबालिग लड़की के साथ गैंगरेप की सूचना सामने आई है। आरोप है कि अस्पताल के ही 3 आउटसोर्स कर्मचारियों ने ईएनटी विभाग और किचन के बीच बने गलियारे में रेप किया। हालांकि अभी इस मामले में पीड़िता सामने नहीं आई है, न ही पुलिस ने केस दर्ज किया है। रीवा एसपी विवेक सिंह ने कहा कि अपुष्ट सूत्रों से वारदात की जानकारी मिली है। इस संबंध में अभी पीड़िता की ओर से पुलिस को शिकायत नहीं मिली है। पुलिस पीड़िता तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। अस्पताल अधीक्षक डॉ. राहुल मिश्रा ने कहा कि 2 लोगों द्वारा घटना करने की जानकारी मिली है। लड़की को इलाज के लिए अस्पताल के गायनिक वॉर्ड में भर्ती कराया गया था। हालत ठीक नहीं थी तो तत्काल उपचार दिया गया। बाद में लड़की अस्पताल से कहीं चली गई। हमने पुलिस को सारे साक्ष्य सौंप दिए हैं। हम भी मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग करते हैं। डॉ. राहुल मिश्रा के मुताबिक पीड़िता की मां अस्पताल के ईएनटी विभाग में भर्ती थी। वह भी मां के साथ अटेंडर के रूप में आई थी।

# वैनगंगा नदी में मिला कोचिंग संचालक का शव हत्या या आत्महत्या, जांच में जुटी कोतवाली पुलिस

बालाघाट (स्वतंत्र मत)

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत वैनगंगा नदी के आमघाट में मंगलवार को उस वक्त हड़कंप मच गया जब नगर की एक प्रतिष्ठित कोचिंग के संचालक का संदिग्ध स्थिति में शव देखा गया, जिसकी सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस टीम एवं एडिशनल एसपी, सीएसपी, थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे। शव देखने पर यह हत्या हैं या आत्महत्या यह पता नहीं चल पाया हैं, फिलहाल पुलिस ने शव बरामद कर मामले को जांच में लिया हैं।

बताया गया है कि मृतक आपला अकेडमी के संचालक नारायण पिता सूरजलाल बोपचे उम्र करीब 50 वर्ष वार्ड नंबर 24 सुरभि नगर निवासी हैं। 9 जून दिन सोमवार की सुबह घर से निकलने के बाद वह अपनी कोचिंग गए और फिर वहीं सुबह करीब 10:30 बजे से कहीं चले गए थे जो देर रात तक घर वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की लेकिन कहीं भी उनका पता नहीं चल पाया। वहीं मंगलवार को सुबह करीब 10:30 बजे परिजन कोतवाली थाना पहुंचे और मामले की सूचना थाने में दी। वहीं थाने से मोबाइल नंबर ट्रेस करने पर नगर के वैनगंगा नदी के आमाघाट में लोकेशन मिली जहां परिजनों ने पहुंचकर गाड़ी देखी और उसके बाद नदी किनारे शव देखा गया, वहीं शव से कुछ ही दूरी पर मोबाइल, चश्मा, गमछा, टी-शर्ट, चप्पल और शव के करीब पेंट देखा गया। जिसके बाद मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारी एवं पुलिस टीम मौके पर पहुंचे और शव बरामद कर पंचनामा व आवश्यक कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया।



**इनका कहना हैं**

वैनगंगा नदी के आमाघाट में शव मिलने की सूचना मिली, जिसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में मौके पर पहुंचकर शव बरामद कर पंचनामा व आवश्यक कार्यवाही कर ली गई है। मामले में मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामला स्पष्ट हो पाएगा।

**विजय राजपूत,**
**थाना प्रभारी कोतवाली**

## 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्याखेट पर प्रतिबंध

बालाघाट (स्वतंत्र मत)।

मध्यप्रदेश शासन मछली पालन विभाग द्वारा धारा-3(2) एवं संशोधित अधिनियम 1981 के निहित प्रावधानों के अंतर्गत 16 जून से 15 अगस्त-2025 तक की अवधि को मत्स्य प्रजनन काल एवं वंश वृद्धि के संरक्षण के लिए बंद ऋतु घोषित किया गया है। इस आदेश के सम्बंध में जिला मत्स्य अधिकारी श्रीमती पूजा रोडगे ने बताया प्रतिबंधित अवधि के दौरान समस्त नदियों एवं जलाशयों में मत्स्याखेट पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा। बंद ऋतु के दौरान अवैधानिक मत्स्याखेट, परिवहन, क्रय, विक्रय आदि कार्यों में भी पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। यदि कोई व्यक्ति इस अधिनियम या इसके अधीन बनाये गये नियमों के उपबंधों का उल्लघंन करेगा, तो वह दोष सिद्धि पर कारावास या जुर्माने से दण्डनीय होगा। नियमों के उल्लंघन में मत्स्य का परिवहन करने या उन्हें पकडने के लिए उपयोग में लाये गये पशुओं, गाडि़यों, जलयानों, बेड़ों या नौकाओं के अभिग्रहण किया जाएगा। बंद ऋतु की अवधि में अवैधानिक मत्स्याखेट, परिवहन, क्रय, विक्रय आदि कार्य करते हुए पाए जाने पर उनके विरुद्ध अधिनियम प्रावधानों एवं शासन निर्देशों के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी। 16 जून से 15 अगस्त 2025 तक मत्स्याखेट, क्रय, विक्रय, परिवहन आदि बंद रहेगा।

## खैरलांजी में हुआ राहुल गांधी विचार मंच का विस्तार



**मिथलेश नगपुरे बने जिला महासचिव**

बालाघाट (स्वतंत्र मत)।

09 जून को कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के आदेशानुसार वारासिवनी-खैरलांजी विधान सभा (112) खैरलांजी में वारासिवनी कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष भोजेश्वर पटले, खैरलांजी ब्लॉक अध्यक्ष गोकुल प्रसाद गौतम, जिला पंचायत सदस्य लोहमर्ष, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राम कुमार नगपुरे की सानिध्य एवं अनुशंसा पर राहुल प्रियंका गांधी विचार मंच का विस्तार कर राहुल प्रियंका गांधी विचार मंच जिलाध्यक्ष जावेद अली द्वारा खैरलांजी के युवा मिथलेश नगपुरे को जिला महासचिव का पदभार सौपा गया हैं, और नियुक्ति पत्र प्रदान कर सभी को बधाई प्रेषित कर उज्वल भविष्य की कामनाएं की गई।

खैरलांजी मे राहुल गांधी विचार मंच का विस्तार करते हुए मिथलेश नगपुरे को राहुल प्रियंका गांधी विचार मंच जिला महासचिव एवं विकाश कृपगऐ नगर अध्यक्ष खैरलांजी, निकेश मेश्राम नगर कोषाध्यक्ष खैरलांजी, दीपक उपवंशी नगर उपाध्यक्ष खैरलांजी, राजकुमार मोहारे ग्रामीण अध्यक्ष किन्हीं, धनेन्द्र मुंजारे ग्रामीण उपाध्यक्ष किन्ही, किशोर ठाकुर ग्रामीण अध्यक्ष फोगल टोला, गणेश महेसकर ग्रामीण उपाध्यक्ष फोगल टोला नियुक्त किया गया। जिसमें जनपद सदस्य योगेश सुलकिया, देवराज भोयर, राहु प्रियंका गांधी विचार मंच जिला महामंत्री योगेश सुलकिया , सेवा दल जिला उपाध्यक्ष भुवन लोहार, सेवा दल जिला उपाध्यक्ष आशिफ खान आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## भूमि संबंधी समस्याओं व विवादों की जांच करेंगे एसडीएम

### 6 माह पूर्व मांगी जानकारी नहीं देने पर, जिम्मेदार को जारी होगा नोटिस

**बालाघाट (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर मृणाल मीना ने जनसुनवाई के दौरान भूमि सम्बंधी समस्याओं व शिकायतों के निराकरण के लिए सम्बंधित एसडीएम को जांच करने के निर्देश दिए है। मंगलवार को आयोजित हुई जनसुनवाई कलेक्टर श्री मीना की अध्यक्षता में जिला पंचायत सीईओं अभिषेक सराफ, एडीएम जीएस धुर्वे और एसडीएम गोपाल सोनी ने संयुक्त रूप से की। जनसुनवाई में आये आवेदनों के सम्बंध में अधिकारियों ने सम्बंधित विभागों से जानकारी प्राप्त की। जन सुनवाई में कुल 72 आवेदन प्राप्त हुए।



जनसुनवाई में पेड़ काटने की अनुमति के लिए 6 माह पूर्व दिए आवेदन के मामले में कलेक्टर श्री मीना ने वारासिवनी एसडीएम आरआर पांडे को संज्ञान लेने के निर्देश दिए है। साथ ही कहा कि कलेक्टर की ओर से भेजे गए पत्र का जवाब देने में इतनी लेट-लतीफी कैसे? एसडीएम इसकी जांच करें और जिम्मेदार को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करें।

**अवैध निर्माण है तोडने की कार्यवाही करें** - कलेक्टर श्री मीना ने कटंगी के शुभम मेश्राम के आवेदन के सम्बंध में कटंगी एसडीएम श्री केसी ठाकुर को निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि आवेदक के प?ौसी द्वारा शासकीय नाली पर शौचालय निर्माण के बारे में शिकायत की गई है। यदि अवैध है और इसके अलावा किसी अन्य का अवैध निर्माण है तो उस पर भी कार्यवाही सुनिश्चित करें।

**कब्जे वाली भूमि पर निर्माण की होंगी जांच** - लांजी तहसील में बिरनपुर की डिलेश्वरी बसोने ने आवेदन में कलेक्टर श्री कहा कि उनकी कब्जे वाली भूमि पर वो मकान निर्माण करना चाहती है। लेकिन अन्य व्यक्ति द्वारा मकान निर्माण कार्य रोकने के लिए मारने पीटने की धमकियां दी जा रही है। कलेक्टर श्री मीना ने एसडीएम लांजी श्री कमलसिंह सिंहसार को मामलें की गंभीरता से जांच कर, रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है।

**सीमांकन में देरी क्यों** - लांजी में बिसोनी के नंदकिशोर रामटेककर ने कलेक्टर श्री मीना को बताया कि वो सीमांकन के लिए कई बार आये है लेकिन अब तक सीमांकन नही हुआ है। कलेक्टर श्री मीना ने वीसी से जुड़े लांजी एसडीएम श्री सिंहसार को निर्देश दिए है कि सीमांकन में देरी क्यों हो रहीं है। ये देखें और गंभीरता से जांच करते हुए बताये की जिम्मेदारी किसकी है? ऐसे लंबित मामलों की पूरी जांच रिपोर्ट भी प्रस्तुत करें।



## आंधी-तूफान से धराशायी बिजली पोल, अंधेरे में आदिवासी गांव खंडापार

उकवा(स्वतंत्र मत)।

जनपद पंचायत परसवाड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत समनापुर के खंडापार आवास टोला में प्राकृतिक की मार से 9 जून को अचानक हवा तूफान आ जाने के कारण बिजली के तार के ऊपर पेड़ गिर जाने से 10 पोल टूट गए, यह मामला लगभग शाम 5ः30 बजे का बताया गया हैं। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी विद्युत विभाग उकवा को दी गई किंतु अभी तक विद्युत विभाग के द्वारा कोई भी पहल नहीं की गई, ना ही बिजली सप्लाई चालू की गई, ना ही पोल गड़ाए गए हैं।

जानकारी अनुसार, आवास टोला में 14 बैगा आदिवासी निवासरत हैं, नरेंद्र तिलगाम ग्रामीण ने बताया कि मेरे द्वारा विद्युत विभाग में जाकर शिकायत बताई गई। उसके बावजूद भी कोई कर्मचारी अधिकारी के द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया गया जिसके कारण अंधेरे में रहना पड़ रहा है जबकि वर्तमान में वर्षा ऋतु प्रारंभ हो चुकी हैं। ग्रामीण नरेंद्र सिंह तिलगाम, सत्येंद्र सिंह तिलगाम, भूपेंद्र सिंह तिलगाम, शांतिबाई तिलगाम, शांतिबाई वाडिवा, दुल्हन सिंह वाडिया सहित अन्य ने शासन-प्रशासन से मांग किया है कि तत्काल बिजली ठीक कर बिजली सप्लाई चालू कर दी जाए।

## बाहुबली होटल में आयोजित बैठक में घोषित हुई नई कार्यकारिणी वरिष्ठ पदाधिकारियों की रही गरिमामयी उपस्थिति

सिवनी (स्वतंत्रमत)।

अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद (क्क्क) की जिला इकाईङ्कसिवनी की एक अहम संगठनात्मक बैठक सोमवार को बाहुबली होटल, बारापत्थर में आयोजित की गई। इस बैठक में अधिवक्ता जयदीप सिंह बैस को परिषद का नया जिलाध्यक्ष घोषित किया गया

बैठक में महाकौशल प्रांत की कार्यकारी अध्यक्ष सुशीला पालीवाल, राष्ट्रीय सदस्य एवं महाकौशल संभाग के संगठन प्रभारी तेज कुमार मोढ, प्रांत मंत्री सुनील गुप्ता, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य अजय पालीवाल, छिंदवाड़ा से महामंत्री पंकज चिखलकर और जबलपुर से कार्यालय मंत्री प्रशांत बडोनिया मंचासीन रहे। पूर्व जिलाध्यक्ष जयदेव राज कोल्हटकर और वरिष्ठ अधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद तिवारी ने भी उपस्थिति दर्ज कराई।



बैठक को संबोधित करते हुए श्री सुनील गुप्ता ने संगठन की संरचना व कार्यशैली पर प्रकाश डाला, जबकि सुशीला पालीवाल ने न्याय केंद्रों व शिविरों की सामाजिक उपयोगिता को रेखांकित किया। तेज कुमार मोढ ने च्न्याय प्रवाहज् पत्रिका और स्टडी सर्किल की आगामी योजनाओं की जानकारी दी।

बैठक में अधिवक्ता व शिक्षाविद अखिलेश यादव, डॉ. रामकुमार चतुर्वेदी, अन्नपूर्णा शुक्ला और डॉ. महेंद्र सिंह नायक की उपस्थिति विशिष्ट रही। इस अवसर पर जयदीप सिंह बैस को जिलाध्यक्ष, प्रहलाद कुमार यादव को महामंत्री और देवेंद्र डहरवाल को कोषाध्यक्ष पद के लिए घोषित किया गया। विस्तृत कार्यकारिणी की घोषणा शीघ्र की जाएगी।

महिला अधिवक्ताओं में सुरभि बघेल, कुसुम यादव, पायल गुप्ता, अनुराधा उईके और शिखा सनोडिया की भागीदारी सराहनीय रही। पूर्व जिलाध्यक्ष जयदेव कोल्हटकर ने आभार प्रदर्शन किया, वहीं महामंत्री प्रहलाद यादव ने चिलचिलाती गर्मी में सहयोग प्रदान करने वालों, विशेषकर भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल का धन्यवाद ज्ञापित किया।

बैठक के अंत में अधिवक्ता परिषद के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता स्व. दीपक अग्रवाल के असामयिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया और उन्हें मौन श्रद्धांजलि दी गई।

इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता पंकज जैन, अनिल यादव, संजय विश्वकर्मा, वासु बघेल, अदीप आर्य, मोनू यादव, जगदीश नामदेव, प्रहलाद सनोडिया, श्रेयांश शुक्ला, सौरभ दुबे, अभिषेक भगत, सेवानिवृत्त शिक्षक अधिवक्ता मोहनलाल सनोडिया, आकाश जायसवाल और सचिन सोनी की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



## बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू की वार्षिक परीक्षाएं प्रारम्भ

बालाघाट (स्वतंत्र मत)।

**महिलाओं में उच्च शिक्षा के प्रति दिखी रूचि**

मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम अंतर्गत बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू छात्रों कि वार्षिक परीक्षाएं प्रारम्भ हो गई है। जिससे महिला छात्रों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। इसी प्रकार शासकीय पीजी कालेज लांजी में सिंगोला कि रहने वाली श्रीमति लक्ष्वंती ढेकवारे अंतिम वर्ष की बीएसडब्ल्यू की छात्रा अपने 10 दिवस के नवजात शिशु को लेकर परीक्षा में शामिल हुई।जिससे कि वह अन्य महाविद्यालयीन छात्राओ के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनी। विवाह एवं संतान के बाद भी यदि महिला चाहे तो अपने तमाम तरक्की के रास्ते स्वयं बना सकती है। उन्होंने विवाह होने के बाद परिवार कि देखभाल घरेलू कामकाज इत्यादि के साथ बीएसडब्ल्यू कोर्स में नियमित रही। उनके शिक्षा के प्रति रूचि देख उनके पति एवं सासु मां भी पूरा सहयोग कर रही है।

## पूर्व नपा. अध्यक्ष शफीक खान ने कार्यकारी अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया पर लगाए गंभीर आरोप

सिवनी (स्वतंत्रमत)।

नगर पालिका सिवनी एक बार फिर सुर्खियों में है। इस बार मामला गंदे पानी की आपूर्ति और नगरपालिका प्रशासन में कथित भ्रष्टाचार से जुड़ा है। नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष शफीक खान ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कार्यकारी अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया पर गंभीर आरोप लगाए हैं और प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए हैं।



शफीक खान ने दावा किया कि जब से उन्हें सत्ता से हटाकर ज्ञानचंद सनोडिया को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है, नगर पालिका का संचालन पूरी तरह से पटरी से उतर गया है। उन्होंने कहा कि ज्ञानचंद सनोडिया अनुभवहीन हैं या फिर जानबूझकर नगरपालिका व्यवस्था को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा रहे हैं।

### गंदे पानी की सप्लाई बनी जनस्वास्थ्य के लिए खतरा

श्री खान ने बताया कि नगर में लगातार नलों से गंदा पानी आ रहा है। जब पार्षदों ने सवाल उठाए तो यह कहकर भ्रम फैलाया गया कि माचागोंरा डेम से पानी आने की वजह से पानी की गुणवत्ता खराब हो गई है। जबकि असली कारण जलशोधन संयंत्रों ङ्क विशेषकर सिवनी, बंडोल और श्रीवनी ङ्क में एलम व ब्लीचिंग पाउडर की पर्याप्त मात्रा में न डाले जाना है।

श्री खान ने आरोप लगाया कि जब इस विषय में जलप्रदाय विभाग के कर्मचारियों से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि एलम और ब्लीचिंग पाउडर की आपूर्ति ठेकेदार द्वारा रोक दी गई है।

### ठेकेदार से की गई मोटी रकम की मांग?

पूर्व अध्यक्ष ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि नगरपालिका ने पूर्व में एक वर्ष के लिए एलम-ब्लीचिंग की आपूर्ति हेतु ठेकेदार को सप्लाई ऑर्डर दिया था, और लगभग 35 टन सामग्री पहले ही सप्लाई की जा चुकी थी। फिर अचानक ठेकेदार ने आपूर्ति बंद कर दी। श्री खान का आरोप है कि ठेकेदार से आपूर्ति के एवज में बड़ी रकम की मांग की गई या फिर किसी अन्य करीबी ठेकेदार को काम दिलाने के उद्देश्य से मौजूदा ठेकेदार को परेशान किया जा रहा है।

### जनता पी रही गंदा पानी, बीमारियों का बढ़ रहा खतरा

श्री खान ने यह भी कहा कि नगर के आर्थिक रूप से संपन्न लोग तो डब्बाबंद पानी मंगाकर अपना काम चला रहे हैं, लेकिन गरीब वर्ग को मजबूरी में यही गंदा पानी पीना पड़ रहा है। इससे पीलिया, उल्टी-दस्त, हैजा जैसी बीमारियाँ फैलने का खतरा बढ़ गया है।

उन्होंने शासन-प्रशासन से मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और नगर की जनता को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु त्वरित कदम उठाए जाएं।



## कोतवाली पुलिस की बड़ी कार्यवाही-57.6 लीटर अवैध देशी शराब बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार

**सिवनी (स्वतंत्रमत)।** जिले में अवैध शराब के कारोबार पर नकेल कसने को लेकर कोतवाली पुलिस ने एक और बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया है। सोमवार को पुलिस ने खैरीटेक कॉलोनी क्षेत्र से 57.6 लीटर अवैध देशी प्लेन शराब जब्त करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया।

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के निर्देश एवं एएसपी जी.डी. शर्मा तथा सीएसपी श्रीमती पूजा पांडे के मार्गदर्शन में कोतवाली थाना प्रभारी किशोर वामनकर के नेतृत्व में विशेष टीम बनाकर यह कार्रवाई की गई।

**मुखबिर की सूचना पर हुई घेराबंदी** - दिनांक 09 जून को मुखबिर से सूचना मिली कि खैरीटेक कॉलोनी के पास एक व्यक्ति शराब से भरी पेटी लेकर खड़ा है। पुलिस को देखते ही वह भागने लगा, जिसे टीम ने तत्काल घेराबंदी कर दबोच लिया। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम ललित पिता शिवप्रसाद गजभिये (36 वर्ष), निवासी खैरीटेक, सिवनी बताया। पूछताछ में आरोपी वैध दस्तावेज नहीं दिखा सका, जिसके बाद मौके पर ही शराब जब्त कर ली गई।

**पूर्व से दर्ज हैं मामले** - गिरफ्तार आरोपी ललित गजभिये पर पूर्व से ही आबकारी अधिनियम के तहत 5 प्रकरण और एक मारपीट का मामला दर्ज है।

**जप्त सामग्री** - 57.6 लीटर अवैध देशी प्लेन शराब (अनुमानित कीमतः 24,000), वीवो कंपनी का मोबाइल फोन (अनुमानित कीमतः 10,000)

**टीम का सराहनीय योगदान** - इस सफल कार्यवाही में थाना प्रभारी किशोर वामनकर के नेतृत्व में उप निरीक्षक डी.आर. शरणागत, उप निरीक्षक राहुल काकोडिया, सउनि दिनेश रघुवंशी, आरक्षक विक्रम देशमुख, अमित रघुवंशी, सिद्धार्थ दुबे, सौरभ ठाकुर, रत्नेश कुशवाहा, महिला आरक्षक फरहीन खान एवं आरक्षक चालक इरफान का उल्लेखनीय योगदान रहा।

## साफ पानी की जगह गंदा पानी!

### कार्यकारी अध्यक्ष ने विशेष सम्मेलन में मानी बात, कांग्रेस पार्षद दल ने उठाए सवाल

**सिवनी (स्वतंत्रमत)।** सिवनी नगर पालिका परिषद में पेयजल व्यवस्था को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। कार्यकारी अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिया ने स्वयं यह स्वीकार किया है कि नगर में गंदा पानी लोगों को सप्लाई किया जा रहा है। नगरपालिका परिषद के विशेष सम्मेलन में प्रस्ताव क्रमांक 01 के अंतर्गत यह बात सामने आई कि केमिकल्स ङ्क विशेषकर ब्लीचिंग पाउडर और फिटकरी (एलम) ङ्क के अभाव में जल शुद्धिकरण नहीं हो पा रहा है, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पडने की आशंका जताई गई है।



कार्यकारी अध्यक्ष ने ठेकेदार की जिम्मेदारी तय करते हुए सप्लायर को काली सूची में डालने और उसकी अमानत राशि राजसात करने का प्रस्ताव भी रखा है।

**कांग्रेस पार्षदों ने पहले ही जताई थी चिंता** - यह मामला तब और गंभीर हो गया जब कांग्रेस पार्षद दल ने कुछ दिन पूर्व ही आरोप लगाए थे कि नगर पालिका लोगों को अशुद्ध पानी की आपूर्ति कर रही है। पार्षदों का कहना है कि यदि शुद्धिकरण में आवश्यक केमिकल्स का उपयोग नहीं होगा, तो यह सीधे तौर पर नागरिकों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। उनका सवाल यह भी है कि जब पूर्व में ठेकेदार ने पूरी मात्रा में सामग्री सप्लाई की थी, तो कार्यकारी अध्यक्ष बदलते ही यह आपूर्ति क्यों रुक गई?

**बिजली व्यवस्था भी बदहाल** - केवल पेयजल ही नहीं, नगर की विद्युत सामग्री की आपूर्ति भी संकट में है। कई वार्डों में स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हैं। पार्षदों द्वारा शिकायत करने पर जिम्मेदार अधिकारी सिर्फ यह कह कर पल्ला झाड़ लेते हैं कि च्सामग्री उपलब्ध नहीं हैज्। सवाल उठ रहा है कि आखिर बिजली की आवश्यक सामग्री क्यों नहीं खरीदी जा रही है?

**कांग्रेस पार्षदों ने सीएमओ से की मुलाकात** - इन गंभीर मुद्दों को लेकर कांग्रेस पार्षद दल ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी से मिलकर स्वच्छ पेयजल आपूर्ति और बिजली व्यवस्था सुधारने की मांग रखी है। प्रतिनिधिमंडल में पार्षद शफीक खान, श्रीमती आकांक्षा शिबू सेंगर, श्रीमती नेहा धीरज पृथ्यानी, श्रीमती इश्रत नब्बू, राजिक अकील, चंदन खताबिया, महमूद भाई, जोएब जकी अनवर, और राहुल बघेल शामिल थे।

**जनता की उम्मीदें अब जवाबदेही पर** - सवाल बड़ा है कि पेयजल और बिजली जैसी बुनियादी सेवाओं में लापरवाही के लिए कौन जिम्मेदार है? और नगर पालिका क्या इस संकट से शहरवासियों को